RAO BIRENDRA SINGH : There is no Standing Committee as such; I do not know what the hon. Member means. There is a Steering Committee at the Governmental level, which meets from time to time. For proposals, Policy matters, approval for new projects to be taken up, or when some directions have to be given, they come before the Steering Committee on behalf of the Government. This Steering Committee does not evaluate the impact of the programme all over the country. The National Dairy Development Board generally meets in Anand. Government of India officials are associated with it. But this is something apart from the Government. Even the Planning Commission takes up evaluation of the programmes of the Government of India. There has been no evaluation of Flood-2 programme, whereas the other programmes have been evaluated by the project Evaluation Cell of the Planning Commission. That is why we thought we should have some proper evaluation, because this programme has been going on for very long time.

**श्री जैनुल बशर (गाजीपुर)** : यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, 30 अक्टूबर, की इलस्ट्रेटेड वीकली में से निकाले गए एक आर्टिकल से शुरू होता है। आर्टिकल में यह बताया गया है कि जितने क्लेम नेशनल डेरी डवलपमेंट बोर्ड या इंडियन डेरी कारपोरेशन ने किए हैं, वह सब झूठे और गलत हैं। जब इस पर रिएक्शन पूछा गया तो राज्य सभा में माननीय मकवाणा जी ने जबाब दिया कि इस सम्बन्ध में एक इवेल्युशन कमेटी बनायी जाएगी जो यह पता लगाएगी कि कितनी तरक्की इस फील्ड में हुई है। मेरे ख्याल में इस बात से सारे नेशनल डेरी डवलपमेंट बोर्ड के साइन्टिस्ट अधिकारी और यहां तक कि सेक्रेटरी आदि भी नाराज होंगे कि ऐसी कोई बात नहीं है। अभी हमारे माननीय सदस्य आनन्द डेरी की बात कर रहे थे। उनके भाषण का ज्यादातर भाग आनन्द डेरी की प्रशंसा में लगा है मैं भी आनन्द डेरी का प्रशंसक हूं। लेकिन सबजेक्ट मैटर आनन्द डेरी नहीं है बल्कि नेशनल डेरी डिवेलेपमेंट बोर्ड और इंडियन डेरी कारपोरेशन हैं। आनन्द डेरी एक कोआप्रेटिव संस्था है जो इन दोनों से लाभान्वित होती हैं। आप्रेशन फ्लड 1 खत्म हुआ और दूसरा चल रहा है। इस दस बारह साल के अर्से में इस देश में आनन्द डेरी के बाद क्या उसी प्रकार की कोई दूसरी आनन्द डेरी कायम हो सकी है? आनन्द डेरी बहुत अच्छा काम कर रही है अपने फील्ड में, यह ठीक है। लेकिन अगर उस तरह की कोई दूसरी डेरी देश के किसी दूसरे भाग में कायम नहीं हो सकी है तो क्या यह नेशनल डेरी डिवेलेपमेंट बोर्ड या इंडियन डेरी कारपोरेशन की असफलता नहीं है?

**श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : गुजरात में और चार डेरियां अलग हैं।

**श्री जैनुल बशर** : मैं जानता हूं कि उस तरह की कोई दूसरी डेरी पंजाब में, यू. पी. में या देश के किसी दूसरे भाग में कायम की गई है? आनन्द डेरी लाभ उठाती है, यह सही है। लेकिन क्या यह भी सही नहीं है कि इस आप्रेशन फ्लड का सबसे अधिक पैसा गुजरात में लगा है जहां आनन्द डेरी भी हैं और उस तरह की कुछ कम अहमियत की, कम महत्व की दूसरी डेरियां भी हैं? जैसा कि इलेस्ट्रेटिड वीकली में आया है क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि गलत है या सही कि गुजरात में पिछले तीन वर्षों में दूध की पैदाबार में कमी हुई है और पंजाब, हरियाणा तथा देश के कुछ दूसरे भागों में इन पिछले तीन सालों में दूध की पैदावार में बढ़ोत्तरी हुई है जबकि नेशनल डेरी डिवेलेपमेंट बोर्ड का अधिकतर पैसा, अधिकतर परिश्रम और अधिकतर तकनीक गुजरात में खर्च हुआ है? गुजरात में पैसा खर्च हो हमें एतराज नहीं है। लेकिन अगर उसी प्रकार का ध्यान देश के दूसरे भागों में भी दिया जाए तो निसन्देह दूध की पैदावार में काफी बढ़ोत्तरी होगी। यह कार्यक्रम बहुत अच्छा है, किसानों को लाभ देने वाला है। लेकिन इस कार्यक्रम के इम्प्लेमेंटेशन में जितना ध्यान देना चाहिए उतना नहीं दिया जाता है। इलस्ट्रेटिड वीकली को आप अलग रख दें। मैं आपको अपने तजुर्बे से बताता हूं कि हमारे यहां पर आई आर डी पी के अन्तर्गत किसानों को गांवों में भैंस और गाय खरीदने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने इसका लाभ उठाकर गाय और भैसें खरीदी भी हैं। लेकिन वहां पर दूध की मार्किटिंग की कोई व्यवस्था नहीं है, कोई इंतजाम नहीं है। मैं अपने यहां की बात जानता हूं। बहुत से किसानों ने बैंकों से कर्जे लिए हैं और वे उन कर्जों को लौटा नहीं पा रहे हैं और वे उनसे लदे हुए हैं हमारे यहां पर एक रुपए से लेकर डेढ़ रुपए तक दूध गांव का किसान बेचने के लिए मजबूर है। हमारे यहाँ जो खोया बनाने वाले हैं वे महाजन की तरह हो गए हैं। वे

पैसा दे देते हैं और सस्ता दूध खरीद लेते हैं। इसका कारण यह है कि कोई कोओप्रेटिव की एफर्ट उधर कायम नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश इतना बड़ा प्रदेश है लेकिन वहां कोई एफर्ट नहीं की गई है। वहां दूध की मार्किटिंग का कोई बन्दोबस्त नहीं है, कोई प्रबन्ध नहीं है। भैंस और गाय बहुत से किसानों ने बैंकों से वित्तीय सहायता लेकर खरीद ली हैं लेकिन दूध को बेचने की, सही कीमत पर, लाभकारी मूल्य पर कोई व्यवस्था नही है। नेशनल डेरी डिवेलेपमेंट बोर्ड ने इस दिशा में क्या कार्रवाई की है, ताकि लाखों की संख्या में किसान लाभान्वित होते ? क्या यह सही नहीं है कि सारा ध्यान सिर्फ एक आनन्द डेरी और उसके आसपास की डेरियों पर ही लगाया गया है ? इलेस्ट्रेटिड वीकली ने जो लिखा है वह मैं आपको बताता हूं। अगर वह गलत हो तो मंत्री जी बताएं कि गलत है।

एक व्यक्ति जो कि नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड का भी चेयरमैन है और इंडियन डेरी कारपोरेशन का भी चेयरमैन है और दोनों संस्थाओं से वह अपनी तनख्वाह नहीं लेता, 1 रु. टोकिन तनख्वाह भी नहीं लेता तो गवर्नमेंट सर्वेन्ट कैसे हो गया ? और वह आदमी आनन्द डेरी से अपनी तनख्वाह लेता है, वहां का कर्मचारी है। और एक ही आदमी तीनों संस्थानों को चलाता है—नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड, इंडियन डेरी कारपोरेशन और आनन्द डेरी। क्या नतीजा निकलेगा इट इज ऐनीबडीज गैस। इन सारी संस्थाओं का लाभ कहां जाता होगा, किसको मिलता होगा ? मन्त्री जी बतायेंगे कि मदर डेरी जो इंडियन डेरी कोरपोरेशन और नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड के अन्तर्गत चल रही है क्या यह सही नहीं है कि गुजरात से जो मिल्क पाऊडर आता है डेरी कोआपरेटिव्ज से उसको ज्यादा दाम दिया जाता है और हरियाणा, पंजाब और यू. पी. से जो मिल्क पाउडर आता है उसको कम दाम दिया जाता है ? मंत्रीजी बतायेंगे कि क्यों ऐसा होता है, क्या कारण है ?

औपरेशन फ्लड की जो स्कीम है वह किसानों के लिए बहुत लाभकारी है। लेकिन कहां कहां इसका और प्रसार प्रचार हुआ है ? मैं केवल एक चीज कोट करना चाहता हूं, श्री जी. बी. सिंह, जो रिटायर्ड मिल्क कमिश्नर हैं पंजाब के उन्होंने कहीं पर लिखा है :

> "There are 5,76,000 villages in the country. Out of these 4,12,000 villages fall in ten participating States. In as long a period as ten years Operation Flood I could only reach 9199 or 2.21% As a matter of fact artificial insemination facilities which are supposed to increase production were made available in 2291 villages only out of 9199 villages. Excluding the two States of Gujarat and Tamilnadu, these facilities were extended to 349 villages in the remaing eight States of the country. It is difficult to understand how an organisation claims the credit just by working in 349 villages of eight States and 2642 of two States viz., 1202 in Gujarat and 1440 villages in Tamilnadu."

उपाध्यक्ष जी, मैं कोई इसका ऐक्सपर्ट नहीं हूं, मेरी जानकारी में जो बात आयी है उसके बारे में मंत्री जी से पूछ रहा हूं कि क्या यह बात सही है कि नहीं जैसा कि यह लिखा हुआ है ? अगर नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड या इंडियन डेरी कोरपोरेशन इस तरह से काम कर रहे हैं, एक ही व्यक्ति तीनों संस्थानों का कर्ताधर्ता है तो फिर यह आर्टिकल हमको सही मालूम होता है। फिर तो कोई अचीवमेंट नहीं दिखाई देता है और इसका इवैलुएशन होना चाहिए। मंत्री जी करा रहे हैं, बहुत अच्छी बात हैं। मैं तो समझता हूं माननीय मकवाना जी ने भी ठीक जवाब दिया और राव साहब

ने भी ठीक जवाब दिया क्योंकि हमारे किसानों की प्रोसपैरिटी के लिए ओपरेशन फ्लड प्रोजेक्ट बहुत आवश्यक और अच्छा है। इसकी जांच होनी चाहिए और जो कमियां हैं उनको दूर किया जाना चाहिए।

मैं यह जानना चाहता हूं कि आई. आर. डी. पी. के अन्तर्गत जो भैंस, गाय या दुधारू जानवर खरीदने के लिए लोन दिया जाता है, क्या मंत्री जी उनके दूध की मार्केटिंग की व्यवस्था करने के लिए भी नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड से कहेंगे, क्योंकि उसका ध्यान कुछ जगहों पर ही सीमित है? ऐसा लगता है कि वह उससे हटकर काम नहीं करना चाहते।

दूसरे, क्या यह राष्ट्रीय हित में है और स्वयं आपरेशन फ्लड प्रोजेक्ट के हित में जरूरी है कि एक ही व्यक्ति तीन-तीन संस्थानों-- इंडियन डेरी कारपोरेशन, इंडियन डेरी डेवलपमेंट बोर्ड और आनन्द डेरी-- का कर्ता-धर्ता हो? क्या मंत्री जी इस बारे में भी बतायेंगे।

क्या यह भी सही है कि गुजरात की डेरी से जो मिल्क पाउडर, दिल्ली की मदर डेरी खरीदती है, उसका अधिक दाम दिया जाता है और पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से जो दूध आता है या मिल्क पाउडर आता है, उसका दाम कम दिया जाता है? अगर ऐसा है तो क्यों और इसको दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

क्या कोई ऐसी व्यवस्था की जायेगी जिससे पूरे देश के स्तर पर डेरी डेवलपमेंट का काम किया जा सके? इसके बारे में भी मंत्री महोदय बतायें।

राव बीरेन्द्र सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं माननीय सदस्य को जो थोड़ी सी कुछ गलतफहमी मालूम होती है, जो हमारे माननीय साथी श्री मकवाना जी ने राज्य-सभा में जवाब दिया, उसके मुताल्लिक है, वह दूर करना चाहता हूं।

वहां पर श्री मकवाना जी ने यह नहीं कहा कि हमने इवेल्यूएशन का फैसला किसी आर्टिकल के बिनाह पर किया है यह हमने उसका कोई नोटिश लिया है। जब क्वेश्चन पूछे गए कि इस तरह का आर्टिकल आया, है इसके ऊपर गवर्नमेंट का क्या विचार है-तो उन्होंने यह जवाब दिया कि हम इवैल्युएशन करा रहे हैं सारे प्रोग्राम की, जितनी सक्सेस है और इस तरह की बातें जितनी भी हैं, जो लोग उठाते हैं, उनका भी उसमें फैसला हो जायेगा, निर्णय हो जायेगा कि असलियत क्या है। यह सिर्फ इनका जवाब था, जिसको कुछ लोगों ने गलत समझ लिया और शायद एन. डी. डी. बी. के एम्पलाइ ने भी गलत समझकर ओवर-एक्शन दिखा दिया और उन्होंने इस्तीफा देने की बात सोच ली लेकिन मैं यह बात साफ कर चुका हूं कि किसी आर्टिकल बिनाह पर गवर्नमेंट कभी इस किस्म का कदम नहीं उठाती, और ना ही सोचती। यह गवर्नमेंट का अपना फैसला है, अपना प्रोग्राम है, हर चीज की जांच करना चाहते हैं, जायजा लेना चाहते हैं, कि हमारी कहां तक कामयाबी है, कहां तक रुकावट है या कमी है।

यह बात भी मैं साफ करना चाहता हूं कि इंडीविजुअल्स की ओपीनियन मुख्तलिफ हो सकती है, राय अलग-अलग हो सकती है। बेशुमार आर्टिकल्स गवर्नमेंट की तारीफ में निकलते हैं और बेशुमार आर्टिकल्स गवर्नमेंट के प्रोग्राम की नुक्ताचीनी में निकलते हैं माननीय सदस्य मुझ से जो राय पूछना चाहते हैं कि किसी इंडीविजुअल या किसी प्राइवेट व्यक्ति के मुताल्लिक मेरी क्या राय है, मैं समझता हूं कि यह कोई इन्साफ की बात नहीं है, उचित नहीं है। बहुत से

लोग अपनी-अपनी राय रखते हैं। हमारी राय तो वह है जो कि हमारे अपने जायजे से बनी है या बन रही है या जिस तरीके से हम सोचते हैं। उसके मुताबिक मैने कहा है कि हमारा यह प्रोग्राम हमारी निगाह में बहुत अच्छा चल रहा है, अगर इसमें कहीं कोई त्रुटि मिलेगी तो उसको भी दूर करने की चेष्टा करेंगे। सिर्फ इतनी सी बात है।

**श्री राम लाल राही** (मिसरिख): उपाध्यक्ष महोदय, मेरी महत्वपूर्ण बात है।

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Minister, you have to reply only to the points raised by Shri Zainul Basher.

**श्री राम लाल राही** : अपनी निगाह की बात आप कर रहे हैं, पर देश की निगाह को पहचानने की जरूरत है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : हम भी देश की जनता से ही ताल्लुल रखते हैं, बाहर से नहीं है।

MR. DEPUTY SPEAKER : If you go on replying to him, he will be getting up every now and then.

**राव बीरेन्द्र सिंह** : माननीय सदस्य ने जो पूछा है कि गुजरात से जो दूध आता है, उन्होंने मिल्क पाउडर की बात कही यह मिल्क पाउडर की बात नहीं है, शायद कहना चाहते थे कि जो दूध गुजरात से आता है, सप्लाई होता है, उसकी कीमत कुछ मदर डेरी ज्यादा देती है। दूध की कीमत फासिले पर डिपेंड करती है। अगर पंजाब और हरियाणा से दूध आएगा, तो चूंकि फासिला कम है, इस लिए किराया कम लगेगा, दिक्कत कम होगी और वह जल्दी पहुंच जाएगा। अगर गुजरात से दूध आएगा, तो उसके लिए कुछ पैसे फालतू देने पड़ेंगे। इस मामले में सरकार की पालिसी यह रही है कि पिछले सालों में हमने ताजा दूध की कीमतें बार-बार बढ़ाई हैं, ताकि दूध पैदा करने वाले गरीब किसानों को फायदा हो। चाहे हरियाणा हो, यू.पी. हो या पंजाब राजस्थान और गुजरात हो, हमारी पालिसी यही रही है।

इसी तरह दूध पैदा करने वाले किसानों को नुकसान न हो, दूध की कीमतें ज्यादा नीचे न गिरें, इसके लिए हमने यह बन्दोबस्त किया है कि दूध तैयार करने के लिए डेयरीज को जो बाहर से आया हुआ स्किमम्ड मिल्क पाउडर सप्लाई किया जाता है, उसकी कीमत हमने 8,000 रुपए टन से बढ़ा कर 12,000 रुपए टन की और फिर बढ़ा कर 14,000 रुपए टन की। हम डेयरीज को बाहर से आया हुआ यह मिल्क पाउडर जितना सस्ता देंगे, उतना ही कम वे ताजा दूध की कीमत देंगे। अगर यह मिल्क पाउडर उन्हें मंहगा पड़ेगा, तो वे ताजा दूध ज्यादा लेंगे और उसकी कीमत भी ज्यादा देंगे। हमने यह कदम इसी लिए उठाया कि स्किम्ड मिल्क पाउडर का इस्तेमाल कम हो, ताजा दूध की पैदावार बढ़े और दूध पैदा करने वाले किसानों और गवालों को ज्यादा पैसा मिले।

माननीय सदस्य ने पूछा है कि क्या नेशनल डेयरी डवेलपमेंट बोर्ड और इंडियन डेयरी कारपोरेशन के चेयरमैन अमूल के चेयरमैन हैं या नहीं। जहाँ तक मेरी इत्तिला है, बहुत सालों से वह आनन्द डैयरी, अमूल के चेयरमैन या अधिकारी नहीं है। वह गुजरात की कोआपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं। 28 अक्तूबर, से उन्होंने इस फेडरेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर शिप से इस्तीफा दे दिया है।

**श्री जैनुल बशर** : वह दस साल तो रहे हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : माननीय सदस्य ने पूछा है कि क्या सिर्फ एक डेयरी को लाभ पहुंचा है या और भी डेयरीज स्थापित हुई हैं। गुजरात में आनन्द की तरह से कितनी ही बड़ी बड़ी कोआपरेटिव डेयरीज बन गई हैं। जहां तक मैं समझता हूं 4-5 बड़ी बड़ी डेरीज हैं। इसी तरीके से सारे देश में 23 स्टेट्स और यूनिन टेरिटरीज में फ्लड (टू) प्रोग्राम चालू है। उनमें से बहुत स्टेट्स के साथ एग्रीमेन्ट हो चुका है और काम शुरू हो गया है। बहुत सी स्टेट्स के साथ फार्मेलिटीज बाकी हैं, उनमें भी जल्दी काम शुरू हो जाए, इस बात की कोशिश हम कर रहे हैं। इस तरीके से हजारों कोआपरेटिव सोसायटीज देश भर में फैली हैं और जहाँ फ्लड (टू) प्रोग्राम लागू होता है वहाँ वह किसानों को सुविधा देने के लिए लागू किया जाता है। आई आर डी प्रोग्राम और दूसरे तरीके से जिनके पास मवेशी हैं दूध देने वाले, उनका दूध बेचने का बन्दोबस्त किया जाता है। कोआपरेटिव सोसायटीज कायम करने का मतलब यह है कि जिनके पास मवेशी हैं, चाहे आई आर डी पी से खरीदे हैं, या उनके अपने हैं, उनको अपना दूध बेचने की सुविधा हो। गाँवों के अन्दरूनी इलाकों में भी किसानों को उचित दाम दिलाये जा सकें। इस तरह से कोआपरेटिव्ज का सारे देश में जाल बिछाया जा रहा है और यह काम किया जा रहा है। केवल भारत सरकार, नेशनल डेरी डेवलपमेंट या गुजरात कोआपरेटिव मिल्क फ़ेडरेशन को ही इससे फायदा नहीं है, सारी स्टेट्स ऐसा काम करके इस का लाभ उठा सकती है। मैं समझता हूं पक्ष और कोई चीज कहने के लिए बाकी नहीं रह गई है।

**श्री मूल चन्द डागा** (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, यह महत्वपूर्ण विषय है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं। मैंने इस संस्था के सारे संबंधित डाकूमेंट देखे हैं। हर एक संस्था की एक आडिट रिपोर्ट होती है और संसद की जो पब्लिक अँडरटेकिंग्ज कमेटी है वह उसकी जांच करती है। मैंने आज सुबह लाइब्रेरी में जाकर पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी की 78 वीं रिपोर्ट देखी और इसकी लेटेस्ट आडिट रिपोर्ट भी मेरे पास है। जैसी कि मेरी आदत है, मैं यह खोजता हूं कि उसमें गल्ती कहां है लेकिन सारी आडिट रिपोर्ट देखने के बाद मुझे कहीं भी कोई गल्ती दिखाई नहीं दी। पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी, जिसके चेयरमैन हमारे राजस्थान के श्री नमल किशोर शर्मा जो थे, उसकी रिपोर्ट मैंने पढ़ी है। मैंने यह भी देखा कि प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी वहां गईं। मैंने पढ़ा है :

> "This is one of our success stories of which we are proud. Congratulations on the excellent work."

The word is 'exeellent'.

> "done and good wishes for the future. May the spirit of Amul movement spread far and wide in our country and help and inspire our farmers."......Smt. Indira Gandhi.

उनके अलावा हमारे मेम्बर्स भी वहाँ गए। राजदा जो भी वहाँ पर मौजूद थे, उनकी फोटो भी मैंने देखी है मैंने नोट किया है, बड़ी सुन्दर हिन्दी में लिखा है कि भारत कृषि प्रधान देश है। भारत अखंडता और सरदार की कर्मभूमि के लिए भी विख्यात है। सरदार पटेल देश की अखण्डता के लिए विख्यात हैं। अमूल डेरी भारत को जोड़ने का अदभुत काम कर रही है। यदि एक शब्द में कहा जाए तो यह कहा जायेगा कि यह सहकारी पद्धति यदि सम्पूर्ण देश में अपनाई जाए तो भारत में पुनः घी और दूध की नदी बह सकती है। हम सभी लोगों की मिशनरी जील और सहयोग की भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं। राजदा साहब आपने भी दस्तखत किए हैं।

(व्यवधान)

**श्री मूलचन्द डागा :** बहुत से लोगों के उसमें दस्तखत हैं। कांग्रेस के भी सदस्य हैं। उधर के लोग भी हैं और इधर के लोग भी हैं। श्री वृद्धिचन्द्र जैन जी भी हैं। श्री कृष्ण सिंह जी भी हैं और बहुत सारे नाम है। मंत्री जी के जवाब से लगता है कि उनका जवाब बिल्कुल नपा तुला जवाब है। मैं आपसे दो तीन बातें पूछना चाहता हूं। आपने ट्रिमेंडस शब्द का प्रयोग किया है। क्योंकि हमारे राव वीरेन्द्र सिंह जाँच के बिना इस तरह के शब्दों को प्रयोग नहीं करते हैं। उनका फोटो भी है, इस किताब में। बहुत ही सुन्दर फोटो है। बस फर्क इतना है कि आज इन्होंने टोपी नहीं पहनी हुई है और उस वक्त टोपी पहनी हुई थी।

MR. DEPUTY-SPEAKER : You cannot exhibit any photograph, including that of Minister. You have not taken my permission.

**श्री मूलचन्द डागा :** साइंटिस्टों के काम की आप सराहना करते हैं। यदि आपने इस बात की जांच करा ली होती, जैसा चिन्तामणि जी कह रहे थे कि इसके इनचार्ज श्री मकवाना जी हैं। मकवाना जी आप ही यदि बोल सकते हैं, तो बतला दीजिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER : From Cabinet Minister you have come to the Minister of State.

**श्री मूलचन्द डागा :** क्योंकि इन्होंने कहा है कि ये इनचार्ज हैं। जिन बातों की आपने जानकारी की है, वे कृपया आप पढ़कर ही बतला दीजिए।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि अच्छा घोड़ा तो आवाज से चलता है। चाबुक यदि उठा लिया जो नहीं चलता है। एक जमाने में मेरे पास भी घोड़ा था। वह मुझे पहचानता था, लेकिन यदि किसी दूसरे ने चाबुक उठालिया तो वह उनको जमीन पर उठा कर पटक देता था। हम राजनीतिज्ञों का ऐसा करेक्टर नहीं होना चाहिए। राव वीरेन्द्र सिंह का उत्तर बिल्कुल सही है। जिन्होंने ये आर्टीकिल्स दिये हैं, उन आर्टीकिल्स के लिए क्या आपने कमेन्ट्स माँगे हैं। जो आर्टीकिल्स इलस्ट्रेटेड वीकली में या दूसरी मैगजीन्स में निकले हैं, उन आर्टीकिल्स को लेकर क्या आपने कमेन्ट्स के लिए उनके पास भेजा है, यह मैं जानना चाहता हूं। मैं इतनी सी बात जानना चाहता हूं कि आपका जो अधिकार है, उस अधिकार के अन्तर्गत आप ने पूरे कदम उठाए हैं। आज का जो भाषण है, उसको अगर सुना होगा, तो मेरे ख्याल से वैज्ञानिकों के बारे में राव वीरेन्द्र सिंह जी के दिल में वही प्रेम है, जो पहला था और आज भी है। अखबारों में इस तरह से चीजें को उछालना ठीक नहीं है।

मैं चाहता हूं कि मेरी बातों का जवाब दें और यह बताएं कि इवेलुयेशन करने से पहले क्या आप जांच करते हैं। जो आडिट की रिपोर्ट है, मेरे पास तीन साल की रिपोर्ट हैं, उन के बारे में आप ने क्या किया और अखबारों में जो लेख निकले हैं, उनके बारे में आप ने उन से कमेन्ट्स माँगे और उन्होंने क्या उन को नहीं दिया ?

**राव बीरेन्द्र सिंह :** डिप्टी स्पीकर साहब, यह कालिंग एटेंशन सिर्फ एक बात के लिए था कि गवर्नमेंट का इस बारे में क्या रिएक्शन है। इसमें सारे प्रोग्रामों के बारे में अगर कोई बहस करे और मेरी राय हर चीज के लिए जानना चाहे, तो मिनिस्टर के लिए या सरकार के लिए यह मालूम करना बड़ा मुश्किल है कि किस प्रोग्राम में किस हद तक हमारी सक्सेस हैं। डिटेल्स के अन्दर वे कहाँ से कहां पहुंच गए और कहाँ से कहाँ का इवेलुयेशन चाहते हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि हम अपनी राय बनाते हैं सब चीजें देख

कर और उसके मुताबिक जहाँ तक हो सकता है, कर्मचारियों के उत्साह को बढ़ाते हैं और उसके पहले कभी इवेलुयशन की बात नहीं सोचते। जब तक एक्सपर्टस के जरिए से सारी चीज नहीं आ जाती है, तब तक सारे क्रिटी-सिज्म का पूरा जबाव नहीं दे सकते। सरकार के लिए ऐसा करना बड़ा मुश्किल है। इवेलुये-शन की बात जो कही, वह तो एक नार्मल बात है। मालूम नहीं डागा साहब, इस में यह क्या बात ले आए कि पहले मिनिस्टर जांच करे और तब इवेलुयेशन की बात सोचनी चाहिए। रोज गवर्नमेंट इवेलुयेशन कराती है अपने काम का। जो प्रोग्राम होते हैं, उनका इवेलुयेशन होता रहता है। मिनिस्टर के काम का भी इवेलुयेशन होता है। किस के काम का इवेलुयेशन नहीं होता है मगर इस में इस के बीच पड़ने की कोशिश न करें। इस में और कुछ बात नहीं है। बात यह है कि जहाँ कहीं काम अच्छा दीखता है, तो चाहे वह मिनिस्टर हों, चाहे मेम्बर आफ पार्लियामेंट में और चाहे प्राइम मिनिस्टर हों, उस काम की सराहना की जाती है और जहाँ कोई कमी नजर आती हैं, उस कमी के बारे में हम कोई ऐसी बात नहीं कहते, जिससे किसी का उत्साह टूटे। उसके लिए भी अपने ढंग से, सरकारी तरीके और दूसरे तरीके से कोशिश की जाती है कि वह ठीक हो उसके और दूसरे तरीके होते हैं और हम किसी के क्रिटीसिज्म के ऊपर चल कर उस को नहीं करते हैं वल्कि अपने आप जाँच करने की कोशिश करते हैं।

**श्री उत्तमभाई एच० पटेल** (बलसार): उपाध्यक्ष महोदय, इस देश में एन० डी० डी० बी० और आई० डी० सी० के जरिए आपरेशन फ्लड द्वारा 30 हजार गाँवों के 10 मिलियन ग्रामीण किसानों को सरकारी प्रवृत्ति के द्वारा जोड़ा जा रहा है। इस प्रकार किसानों के हित में चलने वाला इससे बड़ा प्रोजैक्ट दुनियां में कहीं नहीं चल रहा है। इसके द्वारा अभी भी 800 करोड़ रुपये का दूध और दूध से बनी हुई चीजें देश के बाजार में रखी जा रही हैं। उनका अच्छा जो कार्य चल रहा है, इसे देखते हुए इस ढंग से अपने देश में व्यवस्था बनाने के लिए दुनियां के दूसरे देश जैसे पाकिस्तान, फिलीपीन और अब चीन ने भी माँग की है।

ऐसे अच्छे कार्य करने के बारे में इससे पहले भी देश और विदेश की एजेंसियाँ द्वारा मूल्यांकन किया गया है। फिर भी किस लिए झूठे तथ्यों पर आधारित लेखें देख कर इसका मूल्यांकन करने की जरूरत हुई ?

क्या इस बारे में "आपरेशन फ्लड एन रियलिटी" नाम की पुस्तक अभी अभी आपके मंत्रालय ने छपाई है ? उसमें सब भ्रामक बातों का जबाव दिया गया है। फिर क्या जरूरत हुई कि इस प्रकार का कमीशन गठित किया गया ?

इस कार्य को अमल में लाने के लिए स्टीअरिंग कमेटी सचिव और दूसरे लोगों की बनी हुई है। इसकी जांच करने वाले उनके नीचे के अधिकारी न हों, क्या इसका ध्यान रखा जायेगा ?

एन० डी० डी० सी० के द्वारा आपरेशन फ्लड के जो मिल्कशेड एरिया बनाए गए हैं उनमें प्राइवेट लोग, वेस्टेड इन्ट्रस्ट्स वाले लोग, फैक्ट्रियों के मालिक लोग नहीं घुस सकें, क्या ऐसा नियम बनाया गया है ?

हमारी सेना में दूध प्राइवेट कांट्रैक्स द्वारा न लिया जाए, बल्कि वह कोआप्रेटिव संस्थाओं द्वारा लिया जाए क्या इसका ध्यान रखा जाएगा ? अभी अभी ऐसा सुझाव दिया गया था कि प्राइवेट लोग, मल्टी नेशनल्स वाले लोग जो दूध के वितरण के क्षेत्र में घुसे हुए है, वे कहीं मूल्यांकन के नाम पर इस समिति में भी न घुस जाएं, क्या इसका भी ध्यान रखा जाएगा ?

राव बीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, डागा साहब ने भी वही पूछा था कि मूल्यांकन की क्या जरूरत थी । उसका जवाब दिया जा चुका है । अब माननीय सदस्य ने भी यही पूछा है कि मूल्यांकन की क्या जरूरत पड़ी । सरकार की जवाबदेही होती है पार्लियामेंट के सामने बातों को रखने की । पार्लियामेंट हर चीज के लिए पूरी तरह से पूछताछ कर सकती है । आनरेबल मेम्बर्स भी रोज हमसे सवालात करते हैं । अगर मैं अपनी मिनिस्ट्री के काम की सराहना करने लग जाऊं तो क्या आनरेबल मेम्बर्स को यह यकीन आ जाएगा कि जो काम मैं अच्छे कह रहा हूं वे अच्छे हैं, या बुरे कह रहा हूं वे बुरे हैं ? डागा जी को भी यकीन नहीं आएगा । इसलिए कभी कभी निष्पक्ष ढंग से एक्सपर्ट्स के जरिए से जांच कराना जरूरी हो जाता है, ठीक लगता है । ताकि हम लोगों को यकीन दिला सकें कि यह काम इस तरीके से हो रहा है और इसकी एक्सपर्ट्स के जरिए से, आब्जेक्टिव ढंग से, निष्पक्ष ढंग से हमने जांच कर ली है ।

इतना सा मुद्दा था जिस पर हमने इसका फैसला किया था । इस पर सारा बावेला मचा । बात कुछ भी नहीं थी जिसका राई का पहाड़ बन गया । जरा-सी बात को भी लोगों को उछालने में मजा आता है । इसलिए मैं आनरेबल मेम्बर्स से दरख्वास्त करूंगा कि वे इस चीज को उतना ही समझें जितना कि मैंने समझाने की कोशिश की है और न समझें । अपने को बहुत दूर तक न पहुंचाएं जिससे कि गलत रास्ते पर चले जाएं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Jagpal Singh. Not here. Now, we take up the next item.

---

13.25 hrs.

**ALUMINIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED (ACQUISITION AND TRANSFER OF ALUMINIUM UNDERTAKING) BILL.**

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, we take up Legislative Business-introduction of Bill, Shri Salve.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI N.K.P. SALVE) : Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the acquisition and transfer of the right, title and interest of the Aluminium Corporation of India Limiled in relation to its undertaking at Jaykay Nagar, near Asansol (West Bengal) for the purpose of ensuring the continuity of production of aluminium and aluminium fabricated products which are essential to the needs of the community and thereby to give effect to the policy of the State towards securing the principles specified in clause (b) of article 39 of ihe Constitution.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question. is :

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for the aecuisition and transfer of the right, title and interest of the Aluminium Corporation of India Limited in implementation to its undertaking at Jaykay Nagar near Asansol (West Bengal) for the purpose of changing the continuity of production of aluminium and aluminium fabricated products which are essential to the needs of the community and thereby to give effect to the policy of the State towards securing the principles specified in clause (b) of article 39 of the Constitution."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Minister may now introduce the Bill.

SHRI N.K.P. SALNE : Sir, I INTRODUCE the Bill.